**Janwani, Meerut, 03/11/2025**
Page No: 2, Size: 19.02cm × 14.92cm

# गेल गैस लाइन फटी, बड़ा हादसा टला

## वेस्टर्न कचहरी रोड की घटना, निर्माण कंपनी पर 60 हजार का जुर्माना मांगा

## 500 घरों में नहीं बन पाया खाना, गेल ने ठेकेदार के खिलाफ थाने में दी शिकायत

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वेस्टर्न कचहरी रोड पर शनिवार की दोपहर बड़ा हादसा टल गया, जब सड़क निर्माण के दौरान गेल गैस की पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन टूटते ही इलाके में गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया। हवा में गैस फैलने से लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने गेल गैस कंपनी को सूचना दी, लेकिन कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और गैस सप्लाई बंद कर दी। गनीमत रही कि समय रहते रिसाव पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।



बता दें कि नगर निगम की ओर से सीएम ग्रिड योजना के जरिए सड़क निर्माण का कार्य जीत कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही थी। खुदाई के दौरान कंपनी की मशीन ने गलती से गेल गैस की 125 एमएम पाइपलाइन को तोड़ दिया। घटना के बाद दो घंटे तक पूरे क्षेत्र में गैस सप्लाई ठप रही, जिससे करीब 500 घरों में खाना बनाने में दिक्कतें आईं। गेल गैस की टीम ने करीब दो घंटे की मेहनत के बाद एक पैरलल सप्लाई लाइन बिछाकर गैस आपूर्ति बहाल की। हालांकि, टूटी हुई पाइपलाइन अभी पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी है।

### जीत कंस्ट्रक्शन पहले भी लापरवाही कर चुका

कंपनी के जीएम ऑफिस इंचार्ज विनय कुमार ने बताया कि जीत कंस्ट्रक्शन पहले भी ऐसी लापरवाही कर चुका है। इस बार भी बिना सूचना खुदाई करने के कारण पाइपलाइन डैमेज हुई। गेल गैस कंपनी ने ठेकेदार मंजीत और जेसीबी ड्राइवर के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दी है। शिकायत में कंपनी से 60 हजार रुपये के नुकसान की भरपाई और कार्रवाई की मांग की गई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ज्वलनशील गैस के साथ ऐसी लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, इसलिए निर्माण से पहले सूचना देना अनिवार्य है।